दिल्ली और देवघर के बीच सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

30 जुलाई, 2022 को नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (जनरल) डॉक्टर वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने दिल्ली और देवघर के बीच इंडिगो एयरलाइन की सीधी उड़ान सेवा का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस नई उड़ान सेवा के साथ, देवघर से दैनिक प्रस्थान करने वाली उड़ानों की कुल संख्या 11 हो जाएगी। इससे बाबा बैद्यनाथ धाम में आने वाले तीर्थयात्रियों को निर्बाध आवाजाही में मदद मिलेगी। इसके अलावा इससे झारखंड में पर्यटन बढ़ेगा।
- गौरतलब है कि देवघर हवाई अड्डे का उद्घाटन इसी साल 12 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। 655 एकड़ में फैले देवघर हवाई अड्डे का निर्माण 400 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। इसके तैयार होने से यह राँची के बाद झारखंड का दूसरा हवाई अड्डा बन गया है।
- नागरिक विमानन मंत्री ने कहा कि झारखंड में 3 और हवाई अड्डों - बोकारो, जमशेदपुर तथा दुमका में बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है, जिससे झारखंड में कुल हवाई अड्डों की संख्या 5 हो जाएगी।
- उन्होंने कहा कि झारखंड को जोड़ने वाले 14 नए मार्गों की घोषणा की गई है, जिनमें से 2 मार्ग - देवघर-कोलकाता और दिल्ली-देवघर पर काम शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में देवघर को राँची तथा पटना से और दुमका को राँची तथा कोलकाता से जोड़ा जाएगा। बोकारो हवाईअड्डा तैयार होने के बाद पटना और कोलकाता से जुड़ जाएगा।
- ‘उड़ान’योजना के अंतर्गत 425 मार्ग और 68 हवाई अड्डा, हेलीपोर्ट, जल एरोड्रम का संचालन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत 1 लाख 90 हज़ार से अधिक उड़ानें संचालित की जा चुकी हैं।
- नागरिक विमानन मंत्रालय ने पिछले 8 वर्षों में 66 हवाई अड्डों का निर्माण किया है। इससे पहले वर्ष 2014 में हवाई अड्डों की संख्या केवल 74 थी। 220 नए हवाई अड्डों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिसमें अगले 5 वर्षों में जल एरोड्रम और हेलीपोर्ट शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/direct-flight-service-launched-between-delhi-and-deoghar